भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 309
04 फरवरी, 2025 को उत्तर के लिए

ग्रीन स्टील मिशन

309. श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी :
क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) प्रस्तावित 'ग्रीन स्टील मिशन' के अंतर्गत देश में वार्षिक और समग्र रूप से ग्रीन स्टील के उत्पादन का लक्ष्य क्या है ;

(ख) वर्तमान में देश में, विशेषकर आंध्र प्रदेश के बापतला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में ग्रीन स्टील का राज्यवार और जिलावार उत्पादन कितना है ;

(ग) क्या देश में कच्चे और तैयार इस्पात के उत्पादन की वर्तमान मात्रा खपत संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने लिए पर्याप्त है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(घ) इस्पात उत्पादन के अधिशेष/कमी का ब्यौरा क्या है और इस्पात के आयात के शीर्ष देश कौन-कौन से हैं ?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क): इस्पात मंत्रालय द्वारा कोई हरित इस्पात मिशन शुरू नहीं किया गया है।

(ख): हरित इस्पात के अधिसूचित वर्गीकरण के तहत आज की स्थिति के अनुसार किसी भी इस्पात विनिर्माता को कोई हरित इस्पात प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया है।

(ग) और (घ): वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, तैयार इस्पात का उत्पादन खपत से अधिक था। वित्त वर्ष 2023-24 में कच्चा इस्पात, तैयार इस्पात के उत्पादन, खपत, निर्यात एवं आयात का ब्यौरा निम्नानुसार है:

कच्चे इस्पात का उत्पादन	144.299 एमटी
तैयार इस्पात का उत्पादन	139.153 एमटी
तैयार इस्पात की खपत (आयात सहित)	136.291 एमटी
तैयार इस्पात का आयात	8.320 एमटी
तैयार इस्पात का निर्यात	7.487 एमटी

वर्ष 2023-24 में अधिक इस्पात आयात करने वाले देश निम्नानुसार :

2023-24		
स्थान	देश	मात्रा ('000टी)
1	चीन	2687
2	कोरिया	2670
3	जापान	1274
4	वियतनाम	737
5	ताइवान	185
	शीर्ष 5	7552

****